उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7
UJALASPEEDNEWS
24x7 हर खबर पर तेज नजर

देश

थाना सिकन्द्राबाद पुलिस व स्वाट टीम द्वारा वाहन चोर के साथ हुई पुलिस मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में बदमाश घायलावस्था में किया गया गिरफ्तार।



संवाददाता अनिल कुमार चौहान उत्तर प्रदेश के जनपद बुलंदशहर में रात्रि को थाना सिकन्द्राबाद पुलिस व स्वाट टीम निजामपुर जाने वाले रास्ते पर बम्बे के पास संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी । चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को एक संदिग्ध कार दिखाई दी, जिसे रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम को देखकर कार सवार द्वारा कार को तेजी से भगाकर मौके से भागने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर ग्राम शेरपुर से आगे शमशान की ओर जाने वाले रास्ते पर उक्त कार फंस गई, जिसके बाद पुलिस टीम द्वारा कार को घेर लिया गया। स्वयं को पुलिस टीम से घिरता देखकर कार सवार अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। घायल अभियुक्त की पहचान रंजीत पुत्र जसवंत सिंह निवासी दुर्गा बिल्डर, चेतन मार्केट, श्याम कॉलोनी, मोनू डेयरी का मकान, थाना पल्ला, जनपद फरीदाबाद, हरियाणा के रूप में हुई है।

एक नज़र में

अंबेडकरनगर में नदी में मिले पशुओं के कटे सिर, पुलिस जांच में जुटी।
सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील जलालपुर में जनसुनवाई।
श्रीराधा के चरणों का अनुगत्य ही श्रीकृष्ण प्रेम की ओर ले जाने वाला मार्ग: चंचलापति दास।
अमर नाथ विद्या आश्रम में मची राधे-राधे की धूम राधाष्टमी पर नन्हें बच्चों ने श्रीराधाकृष्ण के रूप में सभी का मन मोहा।

पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

अंबेडकरनगर में नदी में मिले पशुओं के कटे सिर, पुलिस जांच में जुटी।

संवाददाता इंद्रेश कुमार मिश्रा अंबेडकरनगर। महरुआ और भीटी थाना क्षेत्र की सीमा पर स्थित नारायणपुर घाट के पास बिसुई नदी में कुछ पशुओं के कटे हुए सिर तैरते मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय स्तर पर इसकी सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद महरुआ और भीटी थाने की पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची।पुलिस ने नदी में तलाशी अभियान चलाकर तैर रहे पशुओं के अवशेषों को बाहर निकलवाया। पुलिस के अनुसार, अवशेष कई दिन पुराने होने के कारण सड़-गल चुके थे। इसी वजह से मौके पर उनकी स्पष्ट पहचान करना संभव नहीं हो सका।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने पशु चिकित्सक को भी मौके पर बुलाया। पशु चिकित्सक की मौजूदगी में अवशेषों से संबंधित आवश्यक कार्रवाई कराई गई।

देश

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील जलालपुर में जनसुनवाई।

संवाददाता इंद्रेश कुमार मिश्रा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर एवं पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री प्राची सिंह द्वारा तहसील जलालपुर में जनसुनवाई की गई।जनसुनवाई के दौरान विभिन्न फरियादियों द्वारा प्रस्तुत प्रकरणों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों को मौके पर जाकर प्रकरणों का प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

देश

अमर नाथ विद्या आश्रम में मची राधे-राधे की धूम राधाष्टमी पर नन्हें बच्चों ने श्रीराधाकृष्ण के रूप में सभी का मन मोहा।



संवाददाता खुशांत गुप्ता मथुरा - अमर नाथ विद्या आश्रम में राधाष्टमी के पावन पर्व को विद्यालय के विद्यार्थियों ने जोश व भक्तिभाव के साथ मनाया । इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता, बांसुरी मेकिंग, राधाकृष्ण के पोस्टर तथा माखन-मटकी बनाओ प्रतियोगिताओं में नर्सरी से कक्षा 5 के विद्यार्थियों ने भाग लिया । बच्चे सुबह जब राधाकृष्ण के रूप में विद्यालय आये तो विद्यालय का वातावरण राधे-राधे के नाम से गूंज उठा । शिशु विभाग के बच्चों ने राधाकृष्ण के स्वरूप में नृत्य किया तथा आध्यात्मिक लीलाएं करते हुये डिवाइन वॉक की ।

मनोरंजन

श्रीराधा के चरणों का अनुगत्य ही श्रीकृष्ण प्रेम की ओर ले जाने वाला मार्ग: चंचलापति दास।



संवाददाता खुशांत गुप्ता वृन्दावन। चन्द्रोदय मंदिर में भक्तिमय वातावरण में मना राधाष्टमी महामहोत्सववृन्दावन चन्द्रोदय मंदिर में ब्रज की अधिष्ठात्री देवी एवं भगवान श्रीकृष्ण की आह्लादिनी शक्ति श्रीमती राधारानी का प्राकट्योत्सव राधाष्टमी आध्यात्मिक उल्लास, वैदिक परंपराओं एवं हरिनाम संकीर्तन के साथ भव्य रूप से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण को रंग-बिरंगे पुष्पों, आकर्षक सजावट एवं मनोहारी विद्युत रोशनी से सुसज्जित किया गया। श्रीश्री राधा वृन्दावन चंद्र के विशेष श्रृंगार, फूल बंगला, महाभिषेक, छप्पन भोग, झूलन उत्सव, हरिनाम संकीर्तन एवं विशेष आरती ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद से अभिभूत कर दिया।